दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, गुरुवार 6 दिसम्बर 2018
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

## हवाई सेवाओं की निकलती हवा

हवाई जहाज चलाने वाली एयरलाइनों के हाल बस सेवाओं से भी खराब चल रहे हैं।

अभी एक एयरलाइन ने हर सीट पर बैठने के लिए अलग-अलग फीस तय कर दी। यानी टिकट कटाओ तो सिर्फ जहाज में घुसने की गारंटी है। किसी भी सीट पर बैठना हो तो अलग फीस दो। पहले एयरलाइन मुफ्त में खाना- चाय देती थीं, अब यात्रियों को सब कुछ खरीदना पड़ता है। जैसे एयरलाइनों के हाल चल रहे हैं, उन्हें देखकर यह भी संभव है कि एयलाइनें अपील करें यात्रियों से कि हमारी एयरलाइन छह महीनों से वेतन न दे पायी है अपने कर्मियों को तो यात्री अपने साथ खाने के दो टिफिन एक्सट्रा बांध कर लायें, हमारे पायलटों और एयर होस्टेसों के लिए। उन्हें कई दिनों से खाना नहीं मिला है।

बस चलाने वाले ड्राइवर की सेलरी हर महीने आ तो जाती है। हवाई जहाज चलाने वालों की नहीं आ रही है। विजय माल्या बरसों इसी गलतफहमी में रहे कि हवाई जहाज कर्मचारियों की जिंदगी हवा खाने भर से चल सकती है तो उन्हें सेलरी वगैरह देने की कोई जरूरत नहीं है। बाद में किंगफिशर एयरलाइंस के कर्मचारियों ने सेलरी के लिए जब माल्या की धरपकड़ शुरू की तो वे हवा-हवाई हो लिये।

विजय माल्या ने एयरलाइन शुरू ही बिल्कुल अलग वजहों से की थी। एयरलाइन आमतौर पर हवाई जहाज उड़ाने के लिए शुरू की जाती है। विजय माल्या को लगा होगा कि एयरलाइन का एकमात्र उद्देश्य एयर होस्टेस पोस्ट पर सुंदरियों की भर्ती करने का होता है। हरियाणा के एक नेता की एयरलाइंस थी, जिसने एक भी उड़ान नहीं भरी, जिसके पास एक भी यात्री नहीं था, पर कई दर्जन एयर होस्टेस भर्ती कर लीं। पर जो एयरलाइन उड़ती नहीं, वह एयर होस्टेस की सेलरी भी नहीं दे पाती। इतना सा बेसिक ज्ञान कइयों को नहीं होता।

अभी एयर इंडिया के बहुत सीनियर पायलेट शराब पीकर हवाई जहाज उड़ाते हुए धर लिये गये।

जवाब उन्होंने यही दिया होगा-महीनों-महीने सेलरी न मिलने का गम पारो-देवदास टाइप गम के मुकाबले बहुत बड़ा गम होता है। दारू उधार मिल जाती है, आटा-चावल उधार मिलना बंद हो गया था।

एयरलाइनों की हालत यह हो गयी है कि सीट की रकम धरवा रही हैं यात्रियों से। कुछ दिनों बाद कोई एयरलाइन चेकइन करते वक्त एक और फीस धरवायेगी-स्काइवाच फीस, आसमान देखने की फीस। कोई यात्री कह सकता है कि आसमान देखने की गुजारिश तो उसने की नहीं थी। इसका जवाब यह है कि गुजारिश की थी या नहीं, हवाई जहाज में चढ़कर दायें या बायें खिड़की से आसमान तो देखा था न। आसमान देखा था तो फीस निकालो। पर हमें तो आसमान देखना ही नहीं था, ओके तो पहले बताते, काला चश्मा किराये पर लेते पहनने के लिए, हवाई जहाज के अंदर सौ रुपये प्रति ट्रेवल। या आसमान फीस दो या काला चश्मा फीस दो।

## डिजिटल पेमेंट पर छोटे कारोबारियों का खर्च उठाएगी सरकार!

नई दिल्ली (आरएनएस)। चुनावी साल में सरकार छोटे कारोबारियों को एक और तोहफा देने जा रही है। छोटे कारोबारी जो भी पेमेंट स्वाइप मशीन, पीओएस, ऑनलाइन या बैंकों के जरिये करेंगे, उन पर लगने चार्ज का भुगतान सरकार करेगी। इसके लिए ड्राफ्ट तैयार हो चुका है। बैंकों से बात करने के बाद इसकी घोषणा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, छोटे कारोबारियों की शिकायत थी कि स्वाइप मशीन, प्वाइंट ऑफ सेल या बैंकिंग ट्रांजैक्शन चार्ज से उनकी लागत बढ़ी है। वे इसका बोझ ग्राहकों पर भी डाल रहे हैं।




वित्त मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, इस मामले में कारोबारियों को राहत देने की खातिर ड्राफ्ट तैयार हो गया है। छोटे कारोबारी जो भी डिजिटल ट्रांजैक्शन करेंगे, उसका भुगतान करने के लिए फंड बनेगा। कारोबारियों के टर्नओवर के हिसाब से ट्रांजैक्शन चार्ज की भुगतान राशि की सीमा तय होगी। कारोबारी जब भी डिजिटल ट्रांजैक्शन करेंगे, उसका पूरा ब्योरा बैंकों के पास आ जाएगा और बैंकों के जरिये उसका भुगतान किया जाएगा।

वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि छोटे कारोबारियों को डिजिटल ट्रांजैक्शन पर छूट देने से सरकार पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। डिजिटल इंडिया प्रोग्राम से सरकार ने अब तक 60 हजार करोड़ की बचत की है। इसका इस्तेमाल इस योजना के लिए किया जा सकता है। ट्रांजैक्शन चार्ज में छूट मिलने से छोटे और मझोले कारोबारी ज्यादा डिजिटल ट्रांजैक्शन करेंगे। इससे कारोबार में ज्यादा पारदर्शिता आएगी।

सरकार ने हाल ही में छोटे कारोबारियों को मात्र 59 मिनट में घर बैठे डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म के जरिये एक करोड़ रुपये तक का लोन बिना गारंटी देने का ऐलान किया था। जीएसटी रजिस्ट्रेशन करा चुके छोटे और मझोले कारोबारियों को एक करोड़ रुपये तक के नए कर्ज या इन्क्रीमेंटल लोन पर ब्याज में 2 पर्सेंट की छूट की घोषणा भी की गई थी। माना जा रहा है कि नोटबंदी से छोटे कारोबारियों को सबसे अधिक झटका लगा है। कई छोटी कंपनियों का कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। यही कारण है कि सरकार अब इन्हें कुछ राहत देना चाहती है।

इधर, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स यानी कैट ने कहा है कि छोटे कारोबारी भी डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने में सरकार की मदद करेंगे। संगठन ने भारत क्यूआर के जरिए ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने के लिए कैंपेन शुरू किया है। वह क्यूआर कोड की ट्रेनिंग भी कारोबारियों को दे रहा है।

## मोदी सरकार में एलपीजी कनेक्शन में रेकॉर्ड उछाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के हरेक 10 में से 9 घरों में एलपीजी सिलिंडर पहुंच चुका है। चार वर्ष पहले यह आंकड़ा प्रत्येक 10 घरों में महज 5 का था। यानी, केंद्र में मोदी सरकार के सत्ता संभालने के बाद से एलपीजी के इस्तेमाल में रेकॉर्ड वृद्धि हुई है। दरअसल, केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त में एलपीजी कनेक्शन देने का अभियान छेड़ा है। इसी वजह से इतने कम समय में यह आश्चर्यजनक परिणाम देखने को मिल रहा है। उज्जवला योजना की वेबसाइट के मुताबिक, योजना के तहत 5 करोड़ कनेक्शन बांटे जा चुके हैं।




**उज्ज्वला योजना का कमाल**

पेट्रोलियम मंत्रालय की मदद से सरकारी तेल कंपनियां अप्रैल 2015 से लेकर अब तक 10 करोड़ नए कन्ज्यूमर्स जोड़ चुकी हैं। इसके साथ ही, उनके ग्राहकों की संख्या में दो-तिहाई वृद्धि हो चुकी है। यही वजह है कि अक्टूबर 2018 के आखिर तक देशभर के 89 प्रतिशत घरों में एलपीजी गैस पहुंच गया जो 1 अप्रैल 2015 तक महज 56.2 प्रतिशत था।

**ग्रामीण इलाकों में अब भी बड़ी संभावना**

दरअसल, उज्ज्वला योजना के तहत तेल कंपनियों को संभावित ग्राहकों पर फोकस करने का लक्ष्य दिया गया और इसके लिए कनेक्शन लेने की प्रक्रिया आसान बना दी गई। वहीं, नए कनेक्शन पर सब्सिडी मिलने से गरीब परिवारों को इसे अपनाने में मदद मिली। हालांकि, ग्रामीण इलाकों में अब भी बहुत संभावनाएं बची हैं।

## व्हाट्सऐप का नया फीचर, शेयर करने से पहले दिखेगा प्रीव्यू

व्हात्सप्प एक ऐसा सोशल एप है, जिसे हर स्मार्टफोन यूजर्स उपयोग करते हैं। अगर किसी फाइल या किसी विडियो लिंक को भेजना होता है तो सीधे व्हात्सप्प ओपन कर जिसे भेजना होता है हम उसे भेज देते हैं। व्हाट्सऐप ने एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म पर अपने मल्टी-शेयर फीचर को अपग्रेड कर दिया है। इस फीचर के अपग्रेड होने के बाद अब यदि आप थर्ड पार्टी ऐप्स से किसी टेक्स्ट को दो या उससे अधिक यूजर के साथ शेयर करते हैं तो व्हाट्सऐप अब आपको सबसे पहले उसका प्रीव्यू शो करेगा। बता दें कि फिलहाल यह फीचर अभी व्हाट्सऐप के एंड्रॉयड बीटा वर्जन 2.18.366 पर उपलब्ध है। उम्मीद है कि जल्द मल्टी-शेयर फीचर को सभी यूजर के लिए जारी कर दिया जाएगा। इस नए फीचर के अपग्रेड होने के बाद यदि आप ट्विटर, यू ट्यूब या फिर अन्य वेब सर्विस का यूआरएल भेज रहे हैं तो नीचे आपको उसका प्रीव्यू दिखने लगेगा। गौर करने वाली बात यह है कि व्हाट्सऐप का फारवर्ड प्रीव्यू फीचर अभी तक जारी नहीं किया गया है।



## 15 दिसंबर तक फ्री में मिलेगा 5 लीटर पेट्रोल, आप भी उठा सकते हो इसका फायदा


नई दिल्ली। ऑयल मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और देश का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई आपके लिए एक जबरदस्त ऑफर पेश किया है.




सस्ते हो रहे पेट्रोल-डीजल के बीच कंपनी ने फ्री पेट्रोल का ऑफर निकाला है. आप किसी भी इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप से फ्री पेट्रोल ले सकते हैं. वह एक-दो लीटर नहीं पूरे 5 लीटर तक आपको पेट्रोल फ्री में मिलेगा. हालांकि, यह ऑफर सिर्फ उन ग्राहकों के लिए होगा, जो सिर्फ BHIM SBI Pay के जरिए पेट्रोल का भुगतान करेंगे.

## क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने वाली पहली टीम बनी ऑस्ट्रेलिया

भुवनेश्वर। दो बार की गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने वाली पहली टीम बनकर खिताबी हैट्रिक की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं. विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया अंतिम क्वार्टर में तीन गोल के दम पर पूल बी के अपने दूसरे मैच इंग्लैंड को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की. ऑस्ट्रेलिया दो मैचों में छह अंक के साथ पूल तालिका में शीर्ष पर है.



मंगलवार को पूल के एक अन्य मैच में चीन ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाली टीम आयरलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया.

## 6 साल बाद क्रिकेट में वापसी करेगा यह खिलाड़ी

क्रिकेट का इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा हुआ जिसमें खिलाड़ियों ने सालों बाद मैदान पर वापसी की हो. और अब जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान तातेंदा ताबू ने एक ऐसी वजह से मैदान में वापसी का फैसला किया है जो थोड़ी अलग है. दरअसल कायबू का कहना है कि वह अपने बेटे की खातिर क्रिकेट के मैदान पर वापसी कर रहे हैं.



जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और चयनकर्ताओं के पूर्व संयोजक रहे तायबू इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के छह साल बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे तो जरूर लेकिन जिम्बाब्वे नहीं बल्कि श्रीलंका में. वह श्रीलंका की घरेलू क्रिकेट टीम बादुरालिया सीसी के लिए प्रथम श्रेणी मैचों में खेलेंगे. ईएसपीएनक्रिकइंफो की खबर के मुताबित तायबू ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि वह अपने बेटे तातेंदा जूनियर के लिए मैदान पर वापसी कर रहे है. टेस्ट में सबसे कम उम्र में कप्तानी करने वाले तायबू ने अपने 11 साल के करियर में 28 टेस्ट और 150 वनडे मैच खेले हैं.

## हर महीने शिवरात्रि व्रत मनाने से मिलते हैं अनगिनत फायदे


शिव आराधकों के लिए महाशिवरात्रि का बड़ा महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि की मध्य रात्रि को ही भगवान शिव लिंग रूप में प्रकट हुए थे। माना जाता है कि इसी समय ब्रह्मा और विष्णु के द्वारा पहली बार शिवलिंग का पूजन किया गया था। परंतु एक वर्ष में एक महाशिवरात्रि और 11 शिवरात्रियां पती हैं, जिन्हें मासिक शिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर शिवरात्रि मनाई जाती है, जिसे मासिक शिवरात्रि कहा जाता है।



सीआईए प्रमुख खशोगी मामले में पूर्ण सीनेट को ब्रीफ करे अमेरिकी सीनेटर्स मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि का व्रत करने से भगवान शंकर प्रसन्न होते हैं और शास्त्रों के अनुसार देवी लक्ष्मी, सरस्वती, इंद्राणी, गायत्री, सावित्री, पार्वती और रति ने शिवरात्रि का व्रत किया था और शिव कृपा से अनंत फल प्राप्त किए थे।

## पहले टेस्ट के लिए बीसीसीआई ने 12 सदस्यीय टीम इंडिया की घोषणा की

एडिलेड। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के पहले मैच के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 12 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। मैच गुरुवार से एडिलेड के द ओवल ग्राउंड में खेला जाना है। मैच से एक दिन पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपने प्लेइंग इलेवन की घोषणा की है और इसके बाद भारत ने 12 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत की 12 सदस्यीय टीम में रोहित शर्मा को भी शामिल किया गया है।



पारी का आगाज मुरली विजय और केएल राहुल कर सकते हैं। वहीं रविंद्र जडेजा टीम का हिस्सा नहीं हैं। भुवनेश्वर कुमार को भी 12 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। तेज गेंदबाजी के लिए मोहम्मद शमी, ईशांत शर्मा और जसप्रीत बुमराह पर टीम मैनेजमेंट ने भरोसा जताया है। 12 सदस्यीय टीम में हनुमा विहारी भी शामिल हैं और रोहित शर्मा भी। इन दोनों में से किसी एक को ही प्लेइंग इलेवन में जगह मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत भी चार स्पेशलिस्ट गेंदबाजों के साथ उतरेगा।

बीसीसीआई ने ट्विटर के जरिए टीम की घोषणा की। टीम कुछ इस प्रकार हैः विराट कोहली (कप्तान), केएल राहुल, मुरली विजय, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे (उप-कप्तान), रोहित शर्मा, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, आर अश्विन, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, ईशांत शर्मा।

एडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया का प्लेइंग इलेवन मार्कस हैरिस, एरन फिंच, उस्मान ख्वाजा, शॉन मार्श, पीटर हैंड्सकॉम्ब, ट्रैविस हेड, टिम पेन (कप्तान), पैट कमिंस, मिशेल मार्श, नाथन लायन, जोश हेजलवुड।

## आज का राशिफल

मेषः आज शाम पांच बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

वृषभः आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

मिथुनः किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, आज वही करने को मिलेगा। नई योजनाएं दिमाग में आएंगी, अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

कर्कः जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा।

सिंहः आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन आध्यात्म के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रूकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं।

कन्याः आज आपसी व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए, इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें।

तुलाः आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन-जायदाद के मामले में कुछ परेशानी हो सकती है।

वृश्चिकः माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी।

धनुः आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं।

मकरः आज का दिन सामान्य है। साझेदारी में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें।

कुंभः आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझकर करें।

मीनः आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सबकुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक आप कमी रही है।

## कश्मीरी खट्टे बैंगन बनाने की विधि



हम में से अधिकतर लोगों को बैंगन की सब्जी खाना पसंद नहीं होता। मगर आज हम आपको कश्मीरी खट्टे बैंगन की रेसिपी बनाना सिखाएंगे जो टेस्ट में हर बैंगन की सब्जी से कहीं स्वादिष्ट लगती है। यह बैंगन की सब्जी सरसों के तेल में पकी हुई है और साथ ही इसमें कश्मीरी लाल मिर्च भी डली हुई है, जिससे इसका स्वाद तीखा और जाकेदार बन जाता है। इसको खट्टा करने के लिये इसमें अमचूर पावडर और नींबू निचोड़ा जाता है। अब आइये जानते हैं

कश्मीरी खट्टे बैंगन बनाने की सामग्री-

3 चम्मच सरसों का तेल, 1 दालचीनी, 1 बड़ा चम्मच जीरा, 5 हरी इलायची, 1 टी स्पून कश्मीरी लाल मिर्च, 1/2 छोटा चम्मच हींग, 1/2 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 1/2 छोटा चम्मच, धनिया पाउडर नमक स्वाद अनुसार, 1 बड़ा चम्मच सोंठ, 2 कटा हुआ प्याज, 5 लंबे बैंगन 1 कटा हुआ टमाटर, 1 चम्मच सौंफ हरा धनिया, गार्निश करने के लिए 1/2 नींबू

एक कढाई में तेल डाल कर गरम करें। फिर उसमें दालचीनी, जीरा, हरी इलायची, कश्मीरी लाल मिर्च, हींग, हल्दी, धनिया पावडर और थोड़ा सा नमक मिलाएं। इन्हें अच्छी तरह से मिलाने के बाद इसमें थोड़ा सा पानी डालें जिससे मसाला जले नहीं। फिर अमचूर पावडर डाल कर मिक्स करें और कढाई को ढंक दें। फिर कटी प्याज और बैंगन डाल कर फ्राई करें। कढाई को लगभग 20 मिनट तक ढंक दें। फिर कटे टमाटर, सौंफ और थोड़ा सा पानी मिक्स करें। अब टमाटर को पकने दें। अब इसे गरमा गरम रोटियों के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य-08

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 07 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| वा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

## सू-दोकू-08

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.07 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |